**Need to provide stoppage to Banaras?Lucknow Intercity Express at Suriyawan Railway Station in Bhadohi Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.-laid**

डॉ**.** विनोद कुमार बिंद **(**भदोही**) :** मैं माननीय रेल मंत्री, भारत सरकार का ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र भदोही, उत्तर प्रदेश के जंधई रेलवे प्रखंड के सुरियांवा स्टेशन पर बनारस-लखनऊ इंटरसिटी रेल का ठहराव न होने से एवं लखनऊ, वाराणसी जाने में यात्रियों को समस्या का सामना करना पढ़ रहा है, वहीं इसके अलावा रेल स्टेशन पर पंखे न होना, रिज़र्वेशन कॉउन्टर का न होना, व्यापारी वर्ग व अन्य यात्री वर्ग के लिए पार्सल बुकिंग काउन्टर का न होना, साथ ही कोच इंडीकेटर ना लगे होने से यात्रियों को रेल पकड़ने में असुविधा की तरफ सरकार का ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूँ । अतः मैं माननीय रेल मंत्री, भारत सरकार से आग्रह करता हूँ कि वर्तमान में मेरे संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले जंधई रेलवे प्रखंड के सुरियांवा स्टेशन पर बनारस-लखनऊ इंटसिटी रेल का ठहराव सुनिश्चित कराया जाय, रेल स्टेशन पर पंखे लगवाये जाय, रिज़र्वेशन कॉउन्टर की स्थापना कराई जाय, पार्सल बुकिंग कॉउन्टर खुलवाया जाय तथा साथ ही रेल पकड़ने के लिए कोच इंडीकेटर स्थापित कराया जाय, जिससे यात्रियों को हो रही असुविधा से जनहित में यात्रियों को राहत मिल सके ।